हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
जमशेदपुर, रविवार, 30 जून 2024




शनिवार को नेताजी सुभाष विवि में रक्तदाता का उत्साह बढ़ाते लोग। • हिन्दुस्तान

# नेताजी सुभाष विवि में 124 ने किया रक्तदान

जमशेदपुर। नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के रोट्रेक्ट क्लब और मनी फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोट्रेक्ट क्लब के समन्वयक सहायक प्रध्यापक अभिनव कुमार ने बताया कि ब्रह्मानंद अस्पताल के डॉ. जवाहर, शक्ति कुमार और अस्पताल के अन्य तकनीशियनों के कुशल परिचालन में सुगमता के साथ शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 124 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने सभी छात्रों की प्रशंसा की।